University in News on 03 August 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि : परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2025-26 परास्नातक में प्रवेश के लिए आयोजित हुई परीक्षा का परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया। चयनित अभ्यर्थियो की मेरिट सूची वेबसाइट पर अपलोड हो चुकी है। मेरिट सूची में छात्र अपना नाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर देख सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि परास्नातक में प्रवेश के लिए छह कोर्सों में आवेदन करने वाले छात्रों की मेरिट सूची जारी हुई है। (संवाद)

प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक बीएसएसी एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग चार अगस्त को होगी। विश्वविद्यालय की ओर से काउंसिलिंग का शेड्यूल शनिवार को जारी कर दिया गया। चयनित छात्रों को लविवि के बॉटनी विभाग में सुबह 10 बजे पहुंचना होगा। इसके अलावा स्नातक बीवीए और बीएफए में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है। (संवाद)

लखनऊ विश्वविद्यालय : छह घंटे बंद रहा लर्न पोर्टल, परेशान हुए विद्यार्थी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का लर्न पोर्टल बंद होने से शनिवार को काफी संख्या में विद्यार्थियों को परेशान होना पड़ा। इसका असर महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों पर दिखाई पड़ा। इस संबंध में महाविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से शिकायत की गई तो छह घंटे बाद पोर्टल चालू किया हो सका। विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक व परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। अभ्यर्थियों के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (लर्न) पर पंजीकरण अनिवार्य है। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। ऐसे में पोर्टल कुछ देर के लिए बंद हुआ था जिसे बाद में सही कर लिया गया। अब पोर्टल चालू है। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 10

शैक्षिक सत्र 2025-26 केंद्रीयकृत स्नातक व परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बढ़ी तिथि

एलयूआरएन पंजीकरण 15 अगस्त तक, सात कोर्सों की मेरिट भी जारी

मिशन एडमिशन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में केंद्रीयकृत स्नातक व परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत एलयूआरएन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 15 अगस्त तक पंजीकरण करा सकते हैं। इससे पहले यह तिथि 31 जुलाई थी। जिससे एलयू से संबद्ध कॉलेजों में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी आसानी से पंजीकरण कर प्रवेश पा सकेंगे। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि एलयू और संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए एलयूआरएन पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

यूजी-पीजी समेत सात पाठ्यक्रमों की मेरिट जारी: एलयू में स्नातक व परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत सात पाठ्यक्रमों की प्रोविजनल कंप्लीट मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिसे अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि बीवीए, बीएफए, एमएससी बायोटेक, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, लाइब्रेरी साइंस, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ, एमएससी बायोकेमिस्ट्री और एमए एजुकेशन कोर्स की कंप्लीय मेरिट सूची घोषित कर दी गई है।

बीएससी कृषि चार को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन : प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि बीएससी कृषि पाठ्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की जा चुकी हैं, वह डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन चार अगस्त को कराएं।

31 जुलाई अंतिम तिथि थी पहले पंजीकरण की

- प्रवेश समन्वयक ने जारी किए जरूरी दिशा निर्देश
- अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें छात्र

केकेसी में एलएलबी की संशोधित मेरिट जारी, काउंसलिंग चार अगस्त से होगी

लखनऊ। जयनारायण मिश्र पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया के तहत एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए संशोधित प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिसे अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इस संबंध में प्रायार्य की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

प्राचार्य प्रोफेसर विनोद चंद्र का कहना है कि प्रथम मेरिट पर काउंसलिंग और प्रवेश चार से छह अगस्त तक सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक होगी। मेरिट लिस्ट में नाम आने पर विद्यार्थी अपने समस्त शैक्षणिक, आरक्षण व भारण सम्बन्धी प्रपत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, अपार आईडी, आधार कार्ड, मूलप्रति और दो छायाप्रतियों में रजिस्ट्रेशन फार्म के प्रिंट आउट सहित विधि विभाग मे काउंसलिंग के लिए उपस्थित होंगे। काउंसलिंग के बाद शाम पांच बजे के बाद 48 घंटे के अंदर अपनी फीस जमा करवानी होगी। निर्धारित समय सीमा मे काउंसलिंग न करवा पाने अथवा फीस न जमा करने पर विद्यार्थी अपनी उम्मीदवारी का अधिकार खो देगा।

बीसीए, बीकॉम ऑनर्स में चार से प्रवेश होंगे

प्राचार्य ने बताया कि बीसीए, बीकॉम ऑनर्स और एमकॉम प्यार की तृतीय मेरिट लिस्ट कॉलेज की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। जिस पर चार अगस्त से प्रवेश होंगे। बीए, बीकॉम, बीएससी बायो और बीबीए की सभी सीटों पर प्रवेश पूरे हो चुके हैं।

शिया में लॉ की दूसरी मेरिट जारी

शिया कॉलेज में एलएलबी पांच वर्षीय की दूसरी मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी कॉलेज के एडमिशन पोर्टल या वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्रवेश-समिति के निदेशक प्रोफेसर मिर्जा मोहम्मद अबू तैय्यब ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा करे।

i-NEXT PAGE 4

एलयू के ऑनलाइन कोर्सों में नए सेशन के एडमिशन 10 से

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से जारी किया गया एडमिशन ब्राशर



लवि ने एलयूआरएन पोर्टल खुलने का समय 15 अगस्त तक बढ़ाया

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 की केंद्रीयकृत स्नातक और परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत लवि रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) की तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी है। पहले इसे 31 जुलाई तक तय किया गया था, लेकिन इसकी सूचना कालेजों को नहीं दी गई। अचानक पोर्टल होने की जानकारी होने पर शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय और महामंत्री प्रो. अंशु केडिया ने तिथि बढ़ाने के लिए कुलपति कार्यालय में ज्ञापन दिया। बताया कि अभी लखनऊ सहित चार जिलों के कालेजों में प्रवेश बाकी हैं। इसलिए तिथि बढ़ाई जाए। उसके बाद 15 अगस्त तक समय बढ़ा दिया गया।

बी.एससी एग्रीकल्चर में अभिलेख सत्यापन आज : लवि के बी.एससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के अभिलेखों का सत्यापन चार अगस्त को होगा। उन्हें मूल प्रमाण पत्रों, अभिलेखों, अंक पत्रों, चरित्र प्रमाण पत्र, टीसी और उसकी एक स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ वनस्पति विज्ञान विभाग में सुबह 10 बजे पहुंचना होगा। अपने साथ प्रोविजनल अलाटमेंट लेटर भी लाना अनिवार्य है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने इसकी सूचना जारी की है।

TOI PAGE 3

LU integrates AI into commerce PG course

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Department of Commerce at Lucknow University has integrated Artificial Intelligence (AI) into the postgraduate curriculum for both one-year and two-year programmes. Recognising AI's growing influence across industries, the new course — AI in Business — is designed to provide students with both foundational understanding and practical knowledge of AI applications in core commerce domains.

As around 18% of the start-up economy, particularly in digital marketing, relies heavily on AI-driven strategies, the course is structured to reflect current industry needs. The course, which will begin from the new academic session, adopts an interdisciplinary approach, covering the use of AI in accounting, auditing, finance, taxation, marketing, and human resource management.

The curriculum begins with an introduction to AI, focusing on its basic concepts, automation, learning, and decision-making. It then explores AI's application in accounting and auditing, highlighting its role in data entry, journal entries, ledger postings, and financial analysis.

In the finance and taxation modules, students are introduced to AI-powered tools for financial planning and tax calculation, including income tax and GST software. The marketing section examines key technologies like machine learning and natural language processing, emphasizing their role in customer targeting and data-driven campaigns.

Head of the Department of Commerce, Ram Milan, said, "This course is our step towards future-proofing our students."

Deadline for LURN extended to Aug 15

Lucknow University has extended last date for LURN (Lucknow University Registration Number) application under centralised undergraduate and postgraduate admission process for 2025–26 session on Saturday. Earlier set for Jul 31, the deadline is now extended to Aug 15.

LURN is mandatory for candidates seeking admission to Lucknow University and its affiliated colleges. Interested students must register through the Samarth Portal available on the university's official website, www.lkouniv.ac.in.

JAGRAN CITY PAGE III

आनलाइन कोर्सों में 10 से होंगे नए सत्र के प्रवेश

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के अंतर्गत के नौ आनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अगस्त से शुरू होगी। शनिवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका एडमिशन ब्राशर जारी किया।

सेंटर के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि सत्र 2025-26 के आनलाइन पाठ्यक्रमों में बी.काम, एम.काम, एम.ए इंग्लिश, एम.ए इकोनामिक्स, एम.ए संस्कृत, एम.ए पालिटिकल साइंस, मास्टर आफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू), बीबीए और एमबीए में प्रवेश लिए जाएंगे। इस कोर्स में लवि की निर्धारित अर्हता पूरी करने वाले नौकरी पेशा से लेकर कोई भी अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते हैं। आवेदन शुल्क 250 रुपये है। सबसे पहले अभ्यर्थी को यूजीसी की वेबसाइट के माध्यम से डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो(डीईबी) पोर्टल पंजीकरण कराकर एबीसी आइडी बनानी होगी। उसके बाद लवि की वेबसाइट https://www.luonlineeducation.in/ के माध्यम से आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि आनलाइन एमबीए कोर्स में स्पेशलाइजेशन भी किया जा सकेगा।

सात पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची जारीः लवि ने शनिवार को पीजी के छह और स्नातक के एक पाठ्यक्रम की मेरिट सूची जारी कर दी। इसमें एम.एससी बायोटेक्नोलाजी, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन), बीलिबआइएससी, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ, एम.एससी बायोकेमिस्ट्री, एम.ए एजुकेशन और बीवीए/बीएफए पाठ्यक्रम शामिल हैं। अभ्यर्थी लवि की वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

ये है फीस

कोर्स	ट्यूशन फीस	परीक्षा शुल्क
बी.काम	5,000	1,750
बीबीए	15,000	4,000
एम.काम	8,000	2,000
एमबीए	25,000	4,000
एम.ए इकोनामिक्स	8,000	2,000
एम.ए इंग्लिश	8,000	2,000
एमएसडब्ल्यू	8,000	2,000
एमए पालिटिकल साइंस	8,000	2,000
एम.ए संस्कृत	8,000	2,000